आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अनुराग शर्मा को बनाया उम्मीदवार–आज दाखिल करेंगे नामांकन–16 मार्च को होगा चुनाव।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा–मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृतिक की पहचान–सुजानपुर के होली उत्सव को अंतराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलने से होगा विस्तार।
- हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत–प्रदेश के कई किसान रसायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर घरेलू सामग्री से तैयार कर रहे सुरक्षित खाद्यान्न।
- प्रदेश में घरेलू हिंसा के दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे मामले–मुख्य कारण नशा निकलकर आया सामने।
- राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को–राज्य के सभी न्यायालयों में होगी आयोजित।

नामांकन

10 राज्यों में 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। इनमें हिमाचल की एक सीट भी शामिल है। कांग्रेस ने कांगड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। वे आज नामांकन दाखिल करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नामांकन से पहले सुबह कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई है। कल 6 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 9 मार्च तक उम्मीदवार नाम वापिस ले सकते हैं। मतदान 16 मार्च को होगा।

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्यसभा सीट के लिए जो भी सांसद निर्वाचित होगा, वो हिमाचल के हित में कार्य करने वाला होना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति की पहचान है और हिमाचल अपनी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कल सुजानपुर में राज्य स्तरीय होली उत्सव के अंतिक सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर सभी को होली की बधाई देते हुए सभी के मंगलमय व खुशहाल जीवन की कामना की। पठानिया ने कहा कि आने वाले

समय में सुजानपुर के होली उत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलने से हमारी संस्कृतिक का और विस्तार होगा।

प्राकृतिक खेती

हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। इसके तहत प्रदेश में कई किसान रसायनिक खाद ओर जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर अपने खेतों में केवल घर में ही तैयार की जाने वाली सामग्री का ही उपयोग कर रहे हैं, ताकि अच्छी और सुरक्षित खाद्यान्न पैदा की जा सके। इसी कड़ी में हमीरपुर जिला की भोरंज उपमंडल के एक रिटायर्ड टीचर शीला देवी और उनके परिजनों ने कुछ ऐसा ही करके दिखाया है।

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। ये इस वर्ष की पहली लोक अदालत होगी। शिमला के जिला व सत्र न्यायाधीश रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अब तक करीब 62 हज़ार मामलों की पहचान की गई है। मामलों की प्रभावी पहचान के लिए सभी बार संघों, बीमा कंपनियों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जा रही हैं।

घरेलू हिंसा

प्रदेश में घरेलू हिंसा के दिन–प्रतिदिन मामले बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में कांगड़ा जिला में चालू वित वर्ष के दौरान इसके 616 मामले सामने आ चुके हैं। गौरतलब है कि महिलाओं के संरक्षण का जिम्मा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग को मिला है। कांगड़ा के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला के सभी विकास खंडों से घरेलू हिंसा के मामलों में मुख्य कारण नशा निकलकर सामने आया है।

पेंशनर्ज

प्रदेश सरकार द्वारा सेवानिवृत लाभों से वंचित रखे गए पैंशनरों में काफी रोष देखा जा रहा है। पेंशनस वैल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष लेखराज ठाकुर ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे इस वर्ग को आज तक निराशा ही हाथ लगी है। चंबा में आयोजित एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक में ये मुद्दा एक बार फिर उठा और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुट होने का आहवान किया।

फाग मेला

शिमला जिला के रामपुर बुशहर में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक फाग मेला आज देव आगमन के साथ शुरू हो जाएगा। 8 मार्च तक चलने वाला चार दिवसीय यह उत्सव वसंत ऋतु के आगमन और हिंदू नववर्ष की खुशी में मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से ऐतिहासिक पदम पैलेस राज

दरबार के प्रांगण में संपन्न होता है। इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता देव–मिलन है। इसमें इस वर्ष 21 से अधिक स्थानीय देवी–देवता पारंपरिक संगीत के साथ नगर में शोभायात्रा निकालेंगे।

प्रतिवर्ष फागुन के महीने में ऊपरी शिमला और कुल्लू क्षेत्र से आमंत्रित देवी–देवता अपने भव्य रथों और पारंपरिक ढोल–नगाड़ों के साथ यहाँ पधारते हैं। जहाँ देव संस्कृति के साथ–साथ पारंपरिक पहाड़ी नाटी और लोक नृत्य का आयोजन किया जाता है। बुशहर रियासत की परंपरा के अनुसार, राजपरिवार के सदस्यों द्वारा इन देवताओं का भव्य स्वागत किया जाता है, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पहाड़ी नाटी और लोक नृत्यों की गूंज सुनाई देती है। पारंपरिक रंग–बिरंगी पोशाकों में सजे ग्रामीण जब लोक धुनों पर थिरकते हैं, तो पूरा वातावरण उत्सव के रंग में रंग जाता है। शाम के समय सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाता है, जहाँ हिमाचली लोक गायक अपनी प्रस्तुति देते हैं। जो केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम है। यह मेला सदियों से चली आ रही बुशहर रियासत की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। यह मेला आधुनिकता के दौर में भी अपनी प्राचीन जड़ों और आस्था को संजोए हुए है। देव आस्था, संस्कृति, परंपरा और लोक श्रद्धा का यह अद्भुत उत्सव पूरे क्षेत्र को भक्ति–रस से सराबोर कर देगा।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अनुराग शर्मा को बनाया उम्मीदवार–आज दाखिल करेंगे नामांकन–16 मार्च को होगा चुनाव।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा–मेले व उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृतिक की पहचान–सुजानपुर के होली उत्सव को अंतराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलने से होगा विस्तार।
- हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत–प्रदेश के कई किसान रसायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर घरेलू सामग्री से तैयार कर रहे सुरक्षित खाद्यान्न।
- प्रदेश में घरेलू हिंसा के दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे मामले–मुख्य कारण नशा निकलकर आया सामने।
- राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को–राज्य के सभी न्यायालयों में होगी आयोजित।